**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
**(राज्यपाल सूचना परिसर)**
**------**

**राज्यपाल ने नोएडा के शिल्प हॉट में आयोजित सरस आजीविका मेले का अवलोकन किया**
**------**
**स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों पर राज्यपाल जी ने दीदियों की हस्तशिल्प कला की सराहना की।**
**------**

**केंद्र एवं प्रदेश सरकार का प्रयास है कि देश की सभी महिलाएं बने आत्मनिर्भर।**
**------**
**----राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

लखनऊ , 20 फरवरी 2024*

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज नोएडा के सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा शिल्प हाट में आयोजित सरस आजीविका मेला-2024 में पांचवें दिन मंगलवार को अवलोकन किया। मेले में विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों पर पहुंचकर राज्यपाल जी ने दीदियों की हस्तशिल्प कला को परखा और उनकी सराहना की।

भ्रमण के दौरान राज्यपाल जी ने विभिन्न सहायता समूहों की दीदियों के साथ वार्ता कर उनके कारोबार की जानकारी ली। उन्होंने इस आयोजन के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राजयपाल जी ने दीदियों से कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का प्रयास है कि देश की सभी महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। इसी कड़ी में सरस आजीविका मेलों का आयोजन देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। आज चूंकि यह मेला उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित हो रहा है, तो इस अवसर पर मैं देशभर के सभी राज्यों से आयी अपनी सभी बहनों का यहाँ नोएडा शिल्प हाॅट में स्वागत करती हूँ। उन्होंने सभी दीदियों को अपना स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने प्रेरणा दी। राज्यपाल ने कहा कि आज वह समय है कि हमारी कोई भी बहन और कोई भी बेटी खाली न बैठे। सभी के पास अपना खुद का रोजगार हो। मेले में राज्यपाल जी समूह की 10 दीदियों से रूबरू हुईं।

ज्ञातव्य है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां गौरतलब है कि राजयपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल स्वयं भी हस्तशिल्प के करीगरीगरों को प्रोत्साहित करने के कार्य से जुडी हुयी हैं। अभी हाल ही में उन्होंने जनपद लखनऊ और कानपुर में ग्रामशिल्प एवं क्राफ्टरूट्स से जुड़े देश भर आये ३०० से अधिक कारीगरों के शिल्प एवं उत्पादों की प्रदर्शनी के आयोजन का उद्घाटन करके उसको प्रोत्साहन भी दिया। इस दौरान राजयपाल जी ने हस्तशिल्प कलाओं के अनुरक्षण पर जोर देते हुए जान सामान्य को कारीगरों के उत्पाद खरीदने के लिए भी प्रेरित किया था।

इस अवसर पर यहाँ स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा , एमएलसी श्रीचंद शर्मा, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा , जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा , पुलिस आयुक्त लक्ष्मी

सिंह , नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, एड़ीएम प्रशासन नितिन मदान तथा एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया के सहित जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

**डा0 सीमा गुप्ता-**
**सहायक निदेशक सूचना**
**राजभवन**
**सम्पर्क सूत्र : 9453005360**